## आश्वासन के बाद एनएसयूआई का धरना खत्म

- परीक्षा परिणाम और सीसीई की गड़बड़ियों पर छात्रों ने उठाए सवाल
- अनुपस्थित दिखाए गए विद्यार्थियों के परिणाम सुधारने का आश्वासन



**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 1 अगस्त. महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में परीक्षा परिणाम और सीसीई में कथित अनियमितताओं को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और छात्रों का धरना विश्वविद्यालय प्रशासन के आश्वासन के बाद शनिवार को समाप्त हो गया.**

छात्र लंबे समय से परीक्षा परिणामों में गड़बड़ियों और विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी जता रहे थे.

छात्र नेता अश्विनी मिश्रा ने बताया कि छात्रों ने पहले भी कई बार ज्ञापन देकर और विरोध प्रदर्शन कर समस्याओं के समाधान की मांग की थी, लेकिन सुनवाई नहीं होने पर उन्हें धरने का रास्ता अपनाना पड़ा. उनका आरोप है कि कई विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, फिर भी परिणाम में उन्हें अनुपस्थित दर्शा दिया गया. इसके अलावा सीसीई और परीक्षा परिणाम से जुड़ी अन्य विसंगतियों से भी छात्र परेशान हैं.

धरने के दौरान छात्रों ने चेतावनी दी थी कि मांगें पूरी नहीं होने पर सोमवार से अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा. हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी शिकायतों की नियमानुसार जांच कर जल्द समाधान का भरोसा दिया, जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया. सहायक कुलसचिव हर्षित ताम्रकार ने कहा कि यदि जांच में किसी विद्यार्थी को गलत तरीके से अनुपस्थित दर्शाया जाना पाया गया, तो उसके परीक्षा परिणाम में आवश्यक सुधार किया जाएगा.

## बिजली के तार से टकराया स्कूली ऑटो

- चार बच्चों को करंट के झटके, अस्पताल में कराया गया परीक्षण
- अभिभावकों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया



**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 1 अगस्त. राजनगर थाना क्षेत्र के पाय गांव में शनिवार सुबह स्कूल जा रहे बच्चों से भरा एक ऑटो बिजली के झूलते तार की चपेट में आ गया. हादसे में ऑटो में सवार चार बच्चों को करंट के झटके लगे, हालांकि समय रहते स्थिति संभल जाने से कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई. घटना के बाद बच्चों को तत्काल राजनगर अस्पताल ले जाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया.**

बताया गया कि ऑटो सीएम राइज स्कूल के बच्चों को लेकर जा रहा था. इसी दौरान रास्ते में बिजली का तार वाहन से टकरा गया, जिससे ऑटो में करंट दौड़ गया. घटना में चार बच्चों के हाथों पर करंट लगने के निशान मिले हैं. हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और परिजन बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए.

स्थानीय लोगों का आरोप है कि टूटे हुए बिजली तार की सूचना पहले ही विभाग को दी गई थी, लेकिन समय रहते मरम्मत नहीं की गई. घटना से नाराज अभिभावकों ने बिजली विभाग कार्यालय पहुंचकर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की.

### एक नजर में



### जहरीला पदार्थ खाने से नाबालिग की मौत

**छतरपुर, 1 अगस्त.** गुलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अंगौर में एक नाबालिग बालिका की जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत हो गई. परिजनों के अनुसार, बालिका ने घर पर अज्ञात कारणों से विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था. हालत बिगड़ने पर उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. शनिवार दोपहर जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया. पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है. फिलहाल मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी. पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक तौर पर मामला जहरीले पदार्थ के सेवन का प्रतीत हो रहा है. घटना के कारणों की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.



### चंदला थाना क्षेत्र में विवाहिता की संदिग्ध मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**छतरपुर, 1 अगस्त.** चंदला थाना क्षेत्र में विवाहिता चांदनी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है. शनिवार दोपहर मृतका के परिजन छतरपुर एसपी कार्यालय पहुंचे और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच एवं कड़ी कार्रवाई की मांग की. मृतका के पिता, उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के मर्दननाका निवासी, ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है और मामले में ससुराल पक्ष की भूमिका की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए. परिजनों ने दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए एसपी को आवेदन सौंपा. पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

## नौगांव में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर शुरू

- मेदांता अस्पताल के 30 विशेषज्ञ डॉक्टर दे रहे परामर्श
- ग्रामीण अंचल के मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सेवाएं



**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 1 अगस्त. स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने की पहल के तहत शनिवार से नौगांव के सरस्वती स्कूल परिसर में दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर शुरू हुआ. गणेश प्रसाद मिश्रा सेवा न्यास द्वारा आयोजित इस शिविर में गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल के करीब 30 विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दे रहे हैं.**

पहले ही दिन नौगांव सहित छतरपुर, टीकमगढ़, महोबा और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंचे. शिविर में कैंसर, हड्डी रोग, मधुमेह, मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूति रोग सहित कई बीमारियों की आधुनिक उपकरणों से नि:शुल्क जांच की जा रही है.

मरीजों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपचार संबंधी सलाह भी दी जा रही है, जिससे दूरदराज के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो रही है.

गणेश प्रसाद मिश्रा सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा ने बताया कि यह शिविर उनकी माता स्वर्गीय श्रीमती शांति देवी मिश्रा की जन्मशती के अवसर पर आयोजित किया गया है. उन्होंने कहा कि शिविर 1 और 2 अगस्त को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगा. न्यास भविष्य में भी स्वास्थ्य, पर्यावरण और जनकल्याण से जुड़े सेवा कार्यों का संचालन करता रहेगा.

## महोबा रोड पर सांडों की लड़ाई वीडियो वायरल

**छतरपुर, 1 अगस्त.** शहर के महोबा रोड स्थित बनी-ठनी ब्यूटी पार्लर के बाहर देर रात सांडों के बीच हुई जोरदार लड़ाई का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो में चार सांड एक सांड को घेरकर हमला करते नजर आ रहे हैं. लड़ाई के दौरान सांड दुकान के बाहर लगे लोहे के गेट और अन्य सामान से टकरा गए, जिससे संपत्ति को नुकसान पहुंचा. घटना के समय क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. गनीमत रही कि उस समय कोई राहगीर सांडों की चपेट में नहीं आया. वायरल वीडियो के बाद शहर में आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं और लोगों ने नगर पालिका से प्रभावी कार्रवाई की मांग की है.

## नौगांव सीएमओ अवस्थी को हटाया, डूडा में किया अटैच

- सफाईकर्मियों से विवाद के बाद हुई कार्रवाई
- खजुराहो सीएमओ चतुर्वेदी को मिला अतिरिक्त प्रभार

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 1 अगस्त. जिले की नौगांव नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) आरएस अवस्थी को उनके पद से हटाकर जिला शहरी विकास अभिकरण (डूडा) छतरपुर से संबद्ध कर दिया गया है.**

यह कार्रवाई सफाईकर्मियों से विवाद के मामले में एसडीएम नौगांव की रिपोर्ट के आधार पर जांच लंबित रहने के दौरान की गई है. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने तक वे डूडा में ही संबद्ध रहेंगे. कुछ दिन पहले नगर पालिका के सफाईकर्मियों ने सीएमओ पर अभद्र व्यवहार और बदसलूकी का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी. कार्रवाई नहीं होने पर कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू कर दी, जिससे करीब एक सप्ताह तक शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित रही. बाद में अपर कलेक्टर विनय द्विवेदी ने कर्मचारियों से चर्चा कर 48 घंटे के भीतर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया था, जिसके बाद हड़ताल समाप्त कर दी गई.

प्रशासन ने अपने आश्वासन के अनुरूप आरएस अवस्थी को हटाने का आदेश जारी कर दिया है. साथ ही खजुराहो नगर परिषद के सीएमओ बसंत चतुर्वेदी को नौगांव नगर पालिका का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. अब वे दोनों नगरीय निकायों के प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी संभालेंगे.

## पूर्व विधायक आरडी प्रजापति पर आपत्तिजनक पोस्ट, केस दर्ज



**छतरपुर, 1 अगस्त. सोशल मीडिया पर पूर्व विधायक आर.डी. प्रजापति के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक भाषा और गाली-गलौज करने के मामले में छतरपुर जिले के सरवई निवासी सुरेंद्र पांडे के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है.**

बंटी अहिरवार की शिकायत पर पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सोशल मीडिया पर की गई अभद्र टिप्पणी से सामाजिक वैमनस्य फैलाने और अनुसूचित जाति समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

## 2 .96 लाख की सीसी सड़क दो माह में ही दरकी

- ग्रामीणों ने लगाए घटिया निर्माण के आरोप



**नवभारत न्यूज**

**लवकुशनगर, 1 अगस्त. जनपद पंचायत लवकुशनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत सिजई के ग्राम जनकपुर में गौशाला से मुख्य मार्ग तक लगभग 100 मीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण करीब 2 लाख 96 हजार रुपये की लागत से कराया गया.**

निर्माण के महज दो माह के भीतर ही सड़क कई स्थानों से दरकने लगी है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. ग्रामीण गोरेलाल अहिरवार सहित अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान उन्होंने स्वयं कार्य होते देखा था और उम्मीद की थी कि सरकारी राशि से टिकाऊ सड़क बनेगी, लेकिन कुछ ही समय में सड़क पर कई जगह दरारें उभर आईं. ग्रामीणों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप हुआ होता तो इतनी जल्दी सड़क क्षतिग्रस्त नहीं होती.ग्रामीणों का कहना है कि उपयंत्री ने निर्माण शुरू होने से अब तक जांच ही नहीं की. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता किया गया है, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका गहरा गई है. उनका कहना है कि यदि समय रहते ऐसे कार्यों की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो विकास कार्यों में अनियमितताओं का सिलसिला लगातार जारी रहेगा. ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जांच औ कार्रवाई की मांग की.

**इनका कहना है**

आपने जानकारी दी है. हम कल जांच करवाते हैं. जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

**भारती ठाकुर सीईओ**
**लवकुशनगर जनपद**

## बारिश में गड्ढों से हादसों की आशंका

- जवाहर रोड और महोबा रोड की सड़कें जर्जर
- नागरिकों ने की प्रशासन से मरम्मत कराने की मांग



**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 1 अगस्त.** बरसात के बीच छतरपुर की कई प्रमुख सड़कें लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई हैं. जवाहर रोड और महोबा रोड पर जगह-जगह बने बड़े गड्ढों से वाहन चालकों और राहगीरों को रोजाना मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द मरम्मत कर सड़कों को सुरक्षित बनाने की मांग की है.

स्थानीय निवासी विकास मिश्रा ने बताया कि बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता. इससे खासकर दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है. वहीं, भारी वाहन गुजरने पर गड्ढों में भरा पानी राहगीरों और अन्य वाहन चालकों पर उछलने से भी लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है. स्थानीय निवासी अशोक कुशवाहा ने कहा कि शहर की जर्जर सड़कों की वजह से रोजमर्रा का आवागमन प्रभावित हो रहा है. उन्होंने प्रशासन से मांग की कि बरसात के मौसम को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर गड्ढों की मरम्मत कराई जाए,

## साइबर अपराधों से बचने के लिए छात्रों को किया जागरूक

- सनराइज स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन
- साइबर ठगी से बचने के बताए आसान उपाय




**नवभारत न्यूज**

**नौगांव, 1 अगस्त. सनराइज हाई सेकंडरी स्कूल में शनिवार को पुलिस ने विद्यार्थियों के लिए नशा मुक्ति एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया.**

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे की लत और बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना था. अधिकारियों ने छात्रों से शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों को अपनाने का आह्वान किया. एसडीओपी अमित मेश्राम, थाना प्रभारी संजय राय, लुगासी चौकी प्रभारी प्रमोद रोहित और उप निरीक्षक मोहिनी शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, भविष्य और परिवार पर गंभीर प्रभाव डालता है. उन्होंने युवाओं से नशे से दूरी बनाए रखने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की.

कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा पर भी विस्तार से जानकारी दी गई. विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी के तरीकों से सावधान रहने, किसी अज्ञात लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी, बैंक खाते और पासवर्ड जैसी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी गई. पुलिस अधिकारियों ने कहा कि साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें या राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं. कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे.

**सुविधा** 100 से अधिक विद्यार्थी रोज ले रहे हैं नि :शुल्क कोचिंग

## लोक सेवा गुरुकुल बना प्रतियोगी छात्रों का नया सहारा



**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 1 अगस्त.सेंट्रल लाइब्रेरी में संचालित लोक सेवा गुरुकुल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए उपयोगी मंच बनता जा रहा है. जिला प्रशासन की इस पहल के तहत यहां प्रतिदिन 100 से अधिक छात्र-छात्राएं यूपीएससी, एमपीपीएससी, एसएससी और ईएसबी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क तैयारी कर रहे हैं.**

खास बात यह है कि प्रशासनिक अधिकारी स्वयं विद्यार्थियों को पढ़ाने पहुंच रहे हैं.

जिला पंचायत सीईओ नम: शिवाय अरजरिया ने विद्यार्थियों को भारत और मध्यप्रदेश की जनजातियों से जुड़ा विषय पढ़ाया. उन्होंने कहा कि किसी भी विषय को समझने के लिए पहले उसके सभी पहलुओं की रूपरेखा तैयार करनी चाहिए और फिर उत्तर लेखन का नियमित अभ्यास करना चाहिए. उन्होंने उदाहरणों और व्यावहारिक तरीके से पढ़ाई करने पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को अभ्यास के लिए गृहकार्य भी दिया.जिला प्रशासन ने बताया कि 9 जुलाई से शुरू हुई इस नि:शुल्क कोचिंग में हर गुरुवार से रविवार शाम 5 से 7 बजे तक कक्षाएं संचालित होती हैं.

भूगोल, संविधान, इतिहास, गणित, जीवविज्ञान, कंप्यूटर और अंग्रेजी जैसे विषयों की पढ़ाई प्रशासनिक अधिकारी और विशेषज्ञ कराते हैं. आने वाले समय में इस सेंट्रल लाइब्रेरी को राष्ट्रीय स्तर के कोचिंग संस्थानों से भी जोड़ने की तैयारी है, जिससे जिले के विद्यार्थियों को और बेहतर मार्गदर्शन मिल सकेगा.

## सावन माह में जटाशंकर धाम में श्रद्धा का सैलाब

- सुबह 5 बजे से लगी भक्तों की कतार, पुलिस बल तैनात
- जलाभिषेक और पूजन के लिए दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालु



**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 1 अगस्त. सावन मास के तीसरे दिन बुंदेलखंड के केदारनाथ के नाम से प्रसिद्ध जटाशंकर धाम शिवभक्तों की आस्था से सराबोर नजर आया. शनिवार तड़के ही श्रद्धालुओं का धाम पहुंचना शुरू हो गया और सुबह 5 बजे से भगवान शिव के दर्शन व जलाभिषेक के लिए लंबी कतारें लग गईं.**

मंदिर परिसर पूरे दिन हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा.

छतरपुर सहित आसपास के जिलों और अन्य राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की. श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र में अच्छी वर्षा की कामना करते हुए विधि-विधान से पूजा-अर्चना की. श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए धाम परिसर में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं. पुलिस बल के साथ प्रशासनिक अमला भी लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी करता रहा,